खबर संक्षेप

## डिप्लोमा सर्टिफिकेट कोर्स यूनिवर्सिटी से प्रारंभ करने सौंपा ज्ञापन



**मण्डला।** डॉ रविंद्र प्रताप सिंह अध्यक्ष ग्रामीण चिकित्सक संघ ने सरदार पटेल यूनिवर्सिटी प्रति कुलपति श्री वीरेश्वर सिंह जी से भेंट करके केद्रिय स्वास्थ्य मंत्रालय निर्णय अनुसार देश की ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था सुद्रढ़ करने हेतु चिकित्सा के नए डिप्लोमा सर्टिफिकेट कोर्स यूनिवर्सिटी से आरंभ करने का प्रस्ताव दिया।

## जिला स्तरीय फुटबॉल चयन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**मण्डला।** जिला शिक्षा विभाग के निर्देशनअनुसार अंतर शालेय अंडर 14 आयु वर्ग बालक ब्रेन चाइल्ड स्कूल मंडला एवं अंडर 17 और 19 आयु वर्ग बालक। ज्ञानदीप हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारा दो दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ महात्मा गांधी स्टेडियम में 2 अगस्त व 3 अगस्त को 2:00 बजे किया गया।प्रतियोगिता में सभी विकास खंडो के 12 विद्यालयों से 210 खिलाड़ियों ने सहभागिता दर्ज की इसमें बम्हनी व नैनपुर विधायल की टीमों ने भी विशेष रूप से सहभागिता दर्ज की। जिसमे संभाग स्तरीय प्रतियोगता के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया। शालेय खेल कूद कैलेंडर के अनुसार संभाग स्तरीय प्रतियोगता 2 सितम्बर से 3 सितंबर को प्रतियोगता कटनी मैं आयोजित की जायेगी। जिसमे जिला फुटबॉल संध के अध्यक्ष डॉ. दिलीप शर्मा ने खिलाड़ियों को अच्छे खेल प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन कर शुभकामनाएँ दी।

### वन नेशन वन इलेक्शन पर हुई विचार संगोष्ठी

# देशहित के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव

*** भाजपा जिला कार्यालय में हुआ आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



भारतीय जनता पार्टी जिला मंडला द्वारा एक राष्ट्र, एक चुनाव (वन नेशन, वन इलेक्शन) विषय पर आधारित एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन भाजपा जिला कार्यालय मंडला में संपन्न हुआ। यह बैठक भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार आयोजित की गई, जिसमें केंद्र सरकार की दूरदर्शी नीति वन नेशन, वन इलेक्शन को जनसामान्य के बीच विस्तार से रखने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में मंचासीन मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, लोकसभा सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, सिंधी समाज के अध्यक्ष पूज्य श्री गोवर्धन दास सिरवानी, सिंधी समाज उपाध्यक्ष शंभू जेठ मलानी, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, वरिष्ठ अधिवक्ता संजय मिश्रा, भाजपा के वरिष्ठ नेता रोचीराम गुरवानी मंच पर उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने अपने विचार रखते हुए कहा, कि एक साथ चुनाव होने से खर्च और प्रशासनिक लागत से बचत होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि कम चुनाव निर्बाध शासन और नीति कार्यान्वयन सुनिश्चित करते हैं, जैसे कि अन्य देशों में देखा गया है। समकालिक चुनाव केन्द्र और राज्य की नीतियों के बीच समन्वय में सुधार कर सकते हैं, जैसा कि विश्व स्तर पर समान चुनाव प्रणालियों में देखा गया है। जिस तरह देखा जाता है कि चुनाव के दौरान अधिकारी कर्मचारी परेशान होते है जिन्हें काफी राहत मिलेगी। वहीं वोटिंग प्रतिशत भी बढेगा। उन्होने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन विचार भारतीय लोकतंत्र के संचालन को और अधिक प्रभावी व पारदर्शी बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। इससे चुनावी प्रक्रिया में बार-बार होने वाले खर्च और समय की बर्बादी रुकेगी, जिससे राष्ट्र को अधिक स्थायित्व मिलेगा। हमारी पार्टी इस विषय पर लोगों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए लगातार प्रयासरत है। आज का कार्यक्रम इसी दिशा में एक सार्थक पहल है। मंडला जिले के कार्यकर्ता देशहित और लोकतंत्र के सशक्तिकरण हेतु तत्पर हैं। हम हर मंच से इस जनहितैषी पहल का समर्थन करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा, "लगातार चुनावों की प्रक्रिया देश के संसाधनों पर भारी दबाव डालती है। एक साथ चुनाव कराने से न केवल खर्च में कटौती होगी, बल्कि विकास योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन भी सुनिश्चित हो सकेगा। यह लोकतंत्र की गुणवत्ता को और बेहतर बनाएगा। उन्होने कहा कि लगातार चुनाव से शासन तंत्र पर प्रभाव पड़ता है और विकास कार्यों में रुकावट आती है। वन नेशन, वन इलेक्शन से न केवल चुनावी खर्च घटेगा, बल्कि आम जनता का ध्यान भी बार-बार चुनावी माहौल से नहीं भटकेगा। यह व्यवस्था देश में राजनीतिक स्थिरता और समग्र विकास की राह को आसान बनाएगी। भारतीय जनता पार्टी इस दूरदर्शी सोच को देश के कोने-कोने तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह एक राष्ट्र के रूप में हमारी सोच की एकता का भी प्रतीक है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने अपने संबोधन में कहा,"वन नेशन, वन इलेक्शन न केवल आर्थिक संसाधनों की बचत करेगा, बल्कि प्रशासनिक और विकास कार्यों में निरंतरता लाएगा। यह विचार भारत को एक सशक्त लोकतंत्र की ओर अग्रसर करने का एक ठोस कदम है। मंत्री ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा केवल राजनीतिक सुधार नहीं है, यह सामाजिक और प्रशासनिक स्थायित्व की आवश्यकता बन चुकी है। इससे सरकार लंबे समय तक स्थायी रहेंगी, जिससे योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन संभव होगा।

विचार संगोष्ठी में विचार रखते हुए प्रबुद्धजन गणेश जसवानी ने कहा कि "वन नेशन, वन इलेक्शन जैसी सोच समय की मांग है। यह न केवल चुनाव प्रक्रिया को व्यवस्थित करेगा, बल्कि देश की आर्थिक, प्रशासनिक और सामाजिक ऊर्जा को बचाकर उसे रचनात्मक कार्यों में केंद्रित करने का मार्ग खोलेगा।

वरिष्ठ अधिवक्ता संजय मिश्रा ने अपने उदबोधन में कहा कि "वन नेशन, वन इलेक्शन न केवल एक राजनीतिक सुधार है, बल्कि यह संविधान की भावना के अनुरूप एक दूरगामी विचार है। बार-बार चुनाव से न्यायपालिका पर भी अतिरिक्त दबाव पड़ता है, क्योंकि चुनाव संबंधी विवादों की संख्या बढ़ जाती है। एक साथ चुनाव होने से न्यायिक प्रक्रिया को भी राहत मिलेगी।

"कार्यक्रम का सफल संचालन जिला कार्यक्रम प्रभारी नीरज मरकाम द्वारा द्वारा संपूर्ण जिम्मेदारी निभाई गई। वहीं शिवा रानू राजपूत ने सभी आगंतुकों, वक्ताओं एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# जर्जर स्कूल भवनों में पढ़ाई का खतरा




*** बच्चों की सुरक्षा के लिए स्कूलों का स्थानांतरण, पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर उठे सवाल।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला मुख्यालय के नजदीकी कई शालाएं वर्तमान में इस स्थिति में हैं कि उनके जर्जर व क्षतिग्रस्त भवनों में बच्चों का अध्यापन संभव नहीं रह गया है। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शिक्षा विभाग ने इन स्कूलों को अन्य सुरक्षित स्थानों पर संचालित करने का निर्णय लिया है, जिससे किसी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

विभागीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मण्डला विकास खंड में जर्जर स्कूल भवन होने से अन्यत्र शालाएं संचालित हो रही हैं प्रा. शा. कटंगा टोला को आंगनबाड़ी केन्द्र मे किया जा रहा है, तो वहीं प्रा.शा. चिल्ला टोला को निजी घर में लगया जा रहा है, प्रा.शा. चितराही टोला को भी निजी घर में, प्रा.शा. झिरिया टोला (गुरारखेड़ा) को आंगनबाड़ी केंद्र में, प्रा.शा. पोड़ी (महाराजपुर) को किराए के घर में, प्रा.शा. माली मोहगांव को पंचायत भवन में, प्रा.शा. बूढ़ीमाई वार्ड (महाराजपुर) को नगरपालिका के अन्य भवन में, प्रा.शा. रानटोला को माध्यमिक शाला माली मोहगांव में, प्रा.शा. टिकराबेरपानी को रंगमंच में, प्रा.शा. बुजबुजिया (सिलपुरा) को आंगनबाड़ी केंद्र में संचालित किया जा रहा है। इन व्यवस्थाओं के पीछे विभागीय मंशा भले ही बच्चों की सुरक्षा हो, लेकिन एक बड़ा सवाल यह भी है कि क्या इस प्रकार की वैकल्पिक व्यवस्था में बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर पाएंगे?

जब हर साल शासन द्वारा शाला भवनों के निर्माण और मरम्मत के लिए लाखों रुपये का बजट स्वीकृत होता है, तो फिर यह राशि आखिर कहाँ खर्च हो रही है? आज की स्थिति यह है कि कई बच्चे आंगनबाड़ी केंद्रों, निजी मकानों, रंगमंचों और पंचायत भवनों में शिक्षा लेने को मजबूर हैं।

नये शिक्षण सत्र के पूर्व यह दावा किया गया था कि जर्जर भवनों का सुधार कार्य कर लिया जायेगा जिससे किसी भी तरह की कोई दिक्कत विद्यार्थियों को नहीं होगी और जो शाला भवन अपूर्ण हैं उन्हें वे पूर्ण कर उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जायेगा लेकिन ये निर्णय सिर्फ बैठकों में ही लिये जाते हैं और विज्ञप्ति जारी करने के बाद बैठक में शामिल अधिकारी भूल जाते हैं कि हमनें क्या निर्देश जारी किये थे या बैठक में जो निर्णय लिये गये क्या उसकी समीक्षा भी आवश्यक है अथवा नहीं।

अगर विभागीय अधिकारियों ने जल्द ही इस गंभीर विषय पर ध्यान नहीं दिया, तो जनता का सरकार पर से भरोसा उठ सकता है। यह असंतोष आगामी चुनावों में परिणामों पर भी असर डाल सकता है। इसके लिये शासन को अधिकारियों पर नकेल कसना होगी।

## 16 दिवसीय श्री शांतिनाथ महामंडल विधान का आयोजन

**मण्डला।** श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में दिनांक 25 जुलाई 2025 से 10 अगस्त 2025 तक 16 दिवसीय श्री शांतिनाथ विधान अनुष्ठान चल रहा है प्रतिदिन 2-3 पुर्ण्याजक विधान में सौधर्म इंद्र बनकर अभिषेक पूजन पाठ सायंकाल आचार्य भक्ति श्री भक्तामर जी का पाठ 48 दीपकों से आरती भजन प्रवचन आदि के कार्यक्रम चल रहे हैं। इसी श्रंखला में दिनांक 03/08 /2025 रविवार को सुबह 7:30 बजे से आर्यिका मां विमल मति माता जी ससंघ के सानिध्य व आर्शीवाद से बाल ब्र. अभय भैया ,व बाल ब्रह्मचारी राकेश भैया जी के निर्देशन में विधान प्रवचन चल रहा है । प्रातः पाठशाला के बच्चों को पूजन का अवसर प्राप्त होगा रात्रि में श्री भक्तामर जी पाठ के पश्चात अगले दिन सुगंध दशमी है इसलिए सभी पुरुष (कुर्ता पजामा में आवें) महिलाएं बहन बेटियां मेंहदी के कार्यक्रम में अवश्य शामिल होवें। सभी महिलाए बेटियां हरी साड़ियां पहनकर आएं मेंहदी लगाने वाले लगवाने वाले भी अवश्य आईएगा । साथ ही भजन संध्या का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है । आर्यिका मां ने विधान की महिमा बताते हुए राजा भद्रवाहु यशोधर मुनिराज बारह भावनाओं चौसठ रिद्धि सोलह कारण भावनाओं का चिंतन रामचन्द्र सीता कामदेव हनुमान आदि की महिमा का वर्णन किया धर्म की महिमा बताई दीक्षा दिवस की भी महिमा बताते हुए कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के बाद यह पहला चार्तुमास मंडला में हो रहा है सन 2000 में भी मंडला मे ही इस संघ का चार्तुमास हुआ था उन्होंने कहा कि जिसके जीवन में गुरु नहीं उसका जीवन शुरू नहीं इसलिए अपने जीवन में गुरु का होना बहुत आवश्यक है। जैसे हमे आचार्य भगवन मिल गए तो हमें अपनी आत्मा का ज्ञान हो गया हमें हमेशा अपने गुरु के प्रति बडे जनों के प्रति अकाट्य श्रद्धान होना चाहिए । पहले तो मुनि दीक्षा मात्र होती थी लेकिन अब आचार्य विद्यासागर जी महाराज ने आर्यिका दीक्षा देना प्रारंभ किया और सबसे बडी ब्रह्मचारिणी मणि बाई जी रत्ती बाई कंचन बाई जी इन सभी दीदी जी को बहुत अच्छी शिक्षा गुरुजी ने दी ये दीदीयां रत्न के रूप में स्तंभका काम करती थीं और फिर बहनों का शिक्षि संस्कार देकर हम सभी ब्रह्मचारिणी बहनों को आर्यिका बनने का अवसर मिला नहीं तो हम भी घर गहस्थी में फसे होते ।इस असार संसार में भटक रहे होते । आर्यिका मां ने कहा गुरुवर बडी बाईजी को आर्यिका मेकर कहते थे गुरू कृपा से वांसुरी बना मैं तो ठेठ बांस था।



**मण्डला।** मण्डला नगर का यातायात इस कदर बेतरतीब है कि लोगों को तो परेशानी होती ही है एम्बुलेंस जैसी अनिवार्य सेवा को भी बाधा झेलना पड़ रही है यातायात कर्मचारी आखिर कहां अपनी सेवायें दे रहे हैं यह एक बड़ा प्रश्न है दिखने को तो यदाकदा यातायात कर्मी बाजार में खड़े नजर आयेंगे लेकिन उनमें से कुछ ऐसे हैं जो व्यवस्था बनाने सहयोग करते हैं या फिर अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं अन्यथा बाजारों की जो स्थिति है वह तो भगवान भरोसे ही है। पार्किंग की कमी के चलते जहां दुकानों के सामने वाहन रास्ता रोके रहते हैं तो वहीं सड़कों पर लगने वाले ठेले और अस्थाई दुकानें मार्ग में एक बड़ी रूकावट बन रहे हैं।

**विदाई** | **जिला सचिव स्काउट एंड गाइड दिनेश कुमार दुबे हुए सेवानिवृत्त।**

# सभी ने मिलकर दी भावभीनी विदाई





*** बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं दिनेश दुबे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

विश्व व्यापी संघ स्काउट एंड गाइड के क्षेत्र में मंडला जिला को एक अलग पहचान दिलाने वाले भारत स्काउट्स एंड गाइड्स मध्यप्रदेश जिला संघ मंडला के जिला सचिव श्री दिनेश कुमार दुबे 31 जुलाई 2025 को शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हुए। उक्त दिवस को शासकीय कन्या हाईस्कूल पड़ाव, मंडला में सेवानिवृत्त सम्मान समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन विद्यालय स्टॉफ द्वारा किया गया। जिसमें दुबे परिवार को भी आमंत्रित कर सभी का स्वागत व सभी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष विवेक शुक्ला, सेवानिवृत्त शिक्षक अखिलेश चंद्रोल, राजकुमार सिंगौर, शैल कुमार दुबे, लोक सिंह पदम, शकुन सैयाम आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही। स्टॉफ द्वारा शानदार उपहार भी भेंट किया गया।

उक्त दिवस को ही कार्यालय सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मंडला में भी कार्यालयीन स्टॉफ द्वारा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मंडला पदेन जिला कमिश्नर (स्काउट) श्रीमती वंदना गुप्ता, सहायक संचालक/विकासखंड शिक्षा अधिकारी रंजीत गुप्ता, क्षेत्र संयोजक विष्णु सिंगौर, जिला मुख्य आयुक्त भारत स्काउट्स एंड गाइड्स मध्यप्रदेश जिला संघ मंडला डॉ. संजय तिवारी, जिलाध्यक्ष अजय खोत, जिलाध्यक्ष विवेक शुक्ला, सेवानिवृत्त शिक्षक अखिलेश चंद्रोल, राजकुमार सिंगौर, शैल कुमार दुबे एवं पूरा कार्यालयीन स्टॉफ उपस्थित रहा। कार्यालयीन स्टॉफ द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार मरावी द्वारा किया गया।

एक अगस्त 2025 को सेवानिवृत्त जिला सचिव दिनेश कुमार दुबे द्वारा आशीर्वाद हॉटल कटरा में शानदार रिटायर्मेंट पार्टी का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जिसमें सभी स्काउटर,गाइडर, जिला पदाधिकारीगण एवं सभी स्नेहीजनों को आमंत्रित किया गया था। इस बेहतरीन आयोजन के लिए सभी ने दुबे परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया एवं उपहार भेंट किए।

दो अगस्त 2025 को जिले के समस्त स्काउटर-गाइडर ने मिलकर सेवानिवृत्त जिला सचिव दिनेश कुमार दुबे को उनके उपलब्धि पूर्ण कार्यकाल के लिए सम्मानित करने हेतु एक अभिनंदन समारोह का आयोजन झंकार भवन मंडला में किया गया। इस अभिनंदन समारोह में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मंडला श्रीमती वंदना गुप्ता, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मंडला रंजीत गुप्ता, विकासखंड शिक्षा अधिकारी डी के सिंगौर, जिला मुख्य आयुक्त डॉ. संजय तिवारी, जिलाध्यक्ष अजय खोत, जिला कब कमिश्नर अखिलेश चन्द्रोल, जिला उपाध्यक्ष डॉ. स्वल्पा बड़गैया, जिला उपाध्यक्ष कल्पना नागेश्वर, जिला उपाध्यक्ष के के पटैल, डीओसी महेश प्रसाद सरोंते, डीटीसी के के सोनवानी, जिला सचिव लोक सिंह पदम, डीओसी प्रीति मसराम, डीटीसी रजनी सिलेकर आदि सहित भोपाल से आए सेवानिवृत राज्य स्तरीय खेल अधिकारी साहू जी, समाजसेवी राजा शुक्ला व पदाधिकारीगण सम्मिलित हुए। सुबह 11:00 बजे से स्काउटर और गाइडरों की बैठक भी आयोजित की गई थी, जिसमें सभी स्काउटर और गाइडरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। दिलीप मरावी का मंच संचालन बहुत ही मनमोहक रहा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने दिनेश दुबे के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला और ख्यातिलब्ध गीतकार एवं गायक, ₹गाड़ी वाला आया घर से कचरा निकाल₹ फेम श्याम बैरागी ने अपने एक अलग अंदाज में अभिनंदन पत्र बिदाई-पाती गाकर गीतमयी बायोग्राफी से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। संपूर्ण कार्यक्रम में अपने व्यस्ततम कार्यक्रमों को छोड़कर महानगरों से आए उनके पुत्र मृदुल, पुत्रवधू मोनिका ,पुत्री मानसी व दामाद वरूण ने शिरकत कर अपने पिता के मान -सम्मान को देखकर बहुत अभिभूत हुए। ज्ञात हो कि दिनेश दुबे के कार्यकाल में मंडला जिला के बच्चे राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय जंबूरी में अपनी सहभागिता दर्ज कर चुके हैं। आभार प्रदर्शन कन्हैया बरमैया ने किया। पौधरोपण पश्चात कार्यक्रम समाप्त हुआ।

# खिलाड़ियों को कराया गया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज



खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खेलो बढ़ो अभियान के अंतर्गत खिलाड़ियों को जिला मुख्यालय में उपलब्ध विभाग की खेल अधो संरचना में भ्रमण कराया गया जिसका मुख्य उद्देश्य खेलों की महत्वता एवं खेलों के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से सर्वप्रथम स्कूलों की युवाओं को खेल अकादमी का भ्रमण कराया जाना एवं विभाग में उपलब्ध खेल सुविधाओं एवं जिला कोच से संवाद कराया जाना है। कार्यक्रम की इस योजना में विकासखंड नारायणगंज के विभिन्न विद्यालयों से छात्र एवं छात्राओं को जिला मुख्यालय ले जाया गया और विभाग में उपलब्ध खेल अधोसंरचना का भ्रमण कराया गया विभाग में उपलब्ध बैडमिंटन कोर्ट हैंडबॉल खो-खो स्विमिंग पूल स्केटिंग आदि का आदि मैदान का भ्रमण कराया गया भ्रमण के दौरान जिला खेल अधिकारी श्री विकास खड़ाकर सर के द्वारा भविष्य की में विभिन्न क्षेत्रों में अपने लक्ष्य को पाने के लिए किस तैयार किस तरह की तैयारी होनी चाहिए के बारे में बताया जिला खेल अधिकारी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए अपने लक्ष्य को लिखकर एवं एकाग्रता के साथ आगे बढ़ाने की सलाह दी, इस कार्यक्रम में संदीपनी स्कूल टिकरिया, एकीकृत शासकीय कन्या शाला स्कूल पड़रिया, शासकीय कन्या छात्रावास आदि के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। खेलो बढ़ो योजना विकासखंड से जिला मुख्यालय तक सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है इस सब का श्रेय जनपद उपाध्यक्ष नारायणगंज अविनाश शर्मा के द्वारा किया गया अथक प्रयासों से संभव हुआ है, अविनाश शर्मा के द्वारा सदैव ही खिलाड़ियों के लिए हमेशा मदद हेतु तैयार रहते हैं और यथासंभव हर सुविधा दिलाने में तत्पर रहते हैं विकासखंड से लगभग 200 छात्र-छात्राओं का जिला मुख्यालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग खेल अधोसँरचना का भ्रमण इन्हीं के प्रयासों से संभव हो पाया है साथ ही इकाई प्रमुख (चुटका मध्य प्रदेश विद्युत परमाणु परियोजना जबलपुर) के सहयोग से बस की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस योजना को सफलतापूर्वक ब्लॉक खेल समन्वयक श्रीमती करुणा मर्सकोले द्वारा किया गया एवं सुजीता यादव, अवधेश सिंगरौरे, प्रमिला बैरागी, मुकेश नायक रानू उइके आदि का विशेष सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप

### फुटपाथ पर सज रही दुकानों से प्रभावित हो रही यातायात व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। इस समय देखा जा रहा है कि स्थानीय झंडा चौक से लेकर सब्जी मंडी तक एवं झंडा चौके से लेकर पुरानी पुलिस चौकी तक सड़कों कें किनारे बने फुटपाथ पर दुकानें सजना आम होता जा रहा है, इन मार्गो में सड़क के किनारे का भाग सज रही दुकानों के चलते अतिक्रमण की चपेट में आ रहा है। ज्ञातव्य हो कि वैवाहिक कार्यक्रमो के चलते दुकानदारों में ग्राहकों को लुभाने की होड़ सी लगी हुई है, जिस कारण वे अपनी दुकानों को बाहर की ओर लगाना पसंद कर रहे है, दुकानदारों की बिक्री की जाने वाली समग्री फुटपाथ पर सजने लगी है, नगर के हृदय स्थल झंडा चौक, शिवालय चौक, श्याम टाकीज रोड जाने वाले मार्ग पर इस तरह दुकानों के सामनें रखी जाने वाली सामग्रियों रोड पर रखना आम रिवाज बन चुका है, क्योंकि दुकानदार अपनी दुकान को अलग अलग दिखाने की चाहत में दुकान के अंदर रखी हुई सामग्रियों को बाहर निकाल कर रख रहे है, ताकि उपभोक्ता आकर्षित होकर सामग्री को क्रय कर सके, इस तरह बाहर रखी हुई सामग्रियां जहां एक ओर ग्राहकों कों आकर्षित अवश्य कर रही है वही सड़कों पर यातायात व्यवस्था को प्रभावित कर रही है, वही दूसरी ओर कुछ हाथ ठेलों पर सामन बेचने वाले जिसमें प्रमुख रूप से फल विक्रेताओं द्वारा पूर्णरूप से मुख्य सड़क पर अपना कब्जा जमा लिया गया है, यह मार्ग नगर का सबसे व्यस्तम क्षेत्र होने के साथ साथ नगर का मुख्य सड़क मार्ग भी है, इस तरह की आवो हवा में राहगीरों को गुजरने में कठिनाईयों के साथ मार्ग को तय करना पड़ रहा है, वर्तमान परिवेश में जहां वाहनों में वेतहाशा वृद्धि हुई है व नगर में दौड रहे दो पाहिया वाहन चार पाहिया वाहनो में इजाफा होने के साथ साथ इस सड़क पर पैदल चलने वाले राहगीरों को चलने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, पैदल चलने वालों के लिए भी इस व्यस्तम सड़क मार्ग पर चलना दूभर हो रहा है, इस अव्यवस्था कें चलते पैदल चलने वाले लोगो को हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, दुकान संचालकों की मनमानी से वाहनो से सड़क पर निकालने वाले लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है दुकानों के सामने रखा हुआ सामान दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहा है? नगर के इस भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र पर छुट पुट बारदातें सामने आती रहती है वही शाम के वक्त यहां के हालत और भी बत्तर हो जाते है, जिस कारण शाम के समय सडकों पर भारी भीड़ देखी जा रही है वही दुकानदारों की मनमानी के चलते सामने रखी समग्रियां वाहनों को निकलने मे परेशानी पेदा कर रहा है,उल्लेखनीय है कि आने वाले तेज धूप के समय में लोग सुबह से ही अपने काम काज निपटाते है, यदि समय रहते नगर की सड़कों पर दिनों दिन बढ़ रही अतिक्रमण पर रोक नही लगी तो सड़के दुकानों में तब्दील हो जावेगी।

**मानवता को शर्मसार करने वाली सच्चाई ने वर्दी पर खड़े किये सवाल, अज्ञात युवक ने रेलवे स्टेशन के प्लेट फार्म दो के पीछे लगाई फांसी**

# थाना की सीमा क्षेत्र के चक्कर में रेलवे स्टेशन के पास दो घंटे तक पेड़ से लटकी रही युवक की लाश



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

जहां एक ओर बताया जाता है कि जब किसी तरह की कोई गंभीर स्थिति रहती है तो मामला भले ही अन्य थाना क्षेत्र का होता है। मगर पुलिस द्वारा जीरों पर कार्यवाही करते हुये आगे की जांच के लिये संबंधित थाने को भेज दिया जाता है जिससे मौके पर किसी प्रकार से कोई अप्रिय महौल निर्मित न हो पाये..? मगर बीते हुये रविवार को नगर के रेलवे स्टेशन प्लेट फार्म क्रमांक दो के पीछे का जो हाल देखने मिला वह पूर्णरूप से मानवता को शर्मसार करने से नही चूक रहा था और रेल पुलिस थाना तथा नगर के पुलिस थाने की सीमा क्षेत्र के चलते अज्ञात युवक की लगभग दो घंटे तक लाश पेड़ से लटकी रही और लोगों का हुजूम लगा हुआ देखने मिला। बताया जाता है कि रविवार को नगर के प्लेट फार्म क्रमांक दो के पीछे साईड लोगों ने जब एक अज्ञात युवक की लाश को महानीम के पेड़ से लटका हुआ देखा गया तो इसकी सूचना तुरंत रेल पुलिस को दी गई जिसके चलते रेल पुलिस थाने से कुछ अधिकारी व पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे तो जरूरी मगर उनके द्वारा कहा गया कि यह हमारे थाना क्षेत्र की सीमा से बाहर है इसलिये हम कोई कार्यवाही नही कर सकते है। इस तरह जहां मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र होने के साथ साथ मामला सोशल मीडिया पर छाने लगा तो मामले को गाडरवारा पुलिस थाना के अधिकारियों द्वारा गंभीरता से लेते हुये अपनी टीम मौके पर पहुंचाई गई। जिसके चलते गाडरवारा पुलिस थाने से अर्जुन के वाण की गति की तरह गाडरवारा पुलिस थाने से एक अधिकारी मौके पर पहुंचे और उनके द्वारा भी कार्यवाही करने की जग मौके पर मौजूद रहते हुये सीमा क्षेत्र को लेकर रेल पुलिस के अधिकारियों सहित अपने अधिकारियों से चर्चा करते हुये देखे गये। इस तरह सीमा क्षेत्र के विवाद के चलते जहां युवक की शव पेड़ से लगभग दो घंटे तक लटका रहा और लोगों का हुजूम लगने के चलते मानवता पूर्णरूप से शर्मसार होते हुये देखी गई। इस संबंध में जब रेल पुलिस थाने के अधिकारियों से चर्चा की गई तो उनका कहना था कि हमारा क्षेत्र रेल पटरी से मात्र दस फिट चौड़ाई तक का होता है यह अधिक दूरी पर होने के चलते हमारे क्षेत्र में नही आता है..? जबकि मृतक युवक की लटकी हुई लाश की सच्चाई रेलवे प्लेट फार्म क्रमांक दो के उस स्थान की है जहां पर पहले एनटीपीसी द्वारा कोयला परिवहन के लिये अपनी रेले पटरियों का विस्तार किया गया था। वही दूसरी ओर मौके पर स्थापित पुराने बिजली खम्बो से लेकर रेल विभाग का तौल काटे के अंदर का घटना स्थल स्पष्ट रूप से दिखाई देने से नही चूक रहा है..? इसके बाद गाडरवारा थाना पुलिस द्वारा मृतक के शव का पंचनामा बनाने के साथ जब उसकी पहचान के लिये तलाशी ली गई तो उसके पास इस तरह से कोई दस्तावेज प्राप्त नही हुये जिसके चलते उसकी पहचान हो सकती थी। एक थैले में मात्र कुछ एक्सरे जरूर पाये गये है जिसमें बाम्बे के किसी चिकित्सालय का पता लिखा हुआ था। इस तरह पुलिस द्वारा अज्ञात युवक के शव का लावारिश के रूप में मर्ग कायम करते हुये कार्यवाही शुरू करते हुये शव ही पहचान के लिये प्रयास किये जा रहे है..? वही घटना स्थल की सच्चाई को देखते हुये ऐसा प्रतीत होने से नही चूक रहा है कि शायद किसी बाहरी युवक द्वारा परेशानियों के चलते कपड़े से फांसी लगाते हुये आत्म हत्या की गई है..? खैर सच्चाई जो भी मगर लोगों द्वारा इस तरह पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटके हुये पाये गये को लेकर चर्चाओं में सबाल खड़े करते हुये कहा जा रहा है कि यदि आत्महत्या करना ही होती तो चंद कदम दूरी पर रेल लाईन थी और लगातार ट्रेने निकल रही है। फांसी पर लटकने की जगह तो उसे आत्महत्या करने के लिये ट्रेन की पटरी का उपयोग करना आसान हो सकता था..। कही ऐसा तो नही की फांसी की सच्चाई के बीछे कोई राज छिपा हो...? खैर यह सब पुलिस की जांच का विषय है। मगर समाचार लिखे जाने तक मृतक के पास किसी तरह के दस्तावेज नही पाये जाने के कारण उसकी पहचान नही हो सकी है कि आखिरकार वह कहा का रहने वाला है ओर इस तरह फांसी लगाने के पीछे क्या कारण छिपे हुये है..?





## श्री सत्य सांई भजन मंडली के मानव सेवा को लेकर 6 साल किये पूर्ण, 72 वें निःशुल्क उपचार शिविर में 132 मरीजों को मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

श्री सत्य साई भजन मंडली कान्हरगाव के साई युवाओं द्वारा भगवान सत्य साई बाबा के बताये हुए मार्ग मानव सेवा ही माधव सेवा है को चरितार्थ करते हुये जिस तरह हर माह के प्रथम रविवार को साई सेवा केन्द्र साई धाम मंदिर (कान्हरगाव) में निः शुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन का आयोजन किया जा रहा है। इस समाज सेवा को जहां छः साल पूर्ण होने के साथ साथ लगाये गये 72 वें निः शुल्क उपचार शिविर में 132 मरीजों का उपचार किया गया। बताया जाता है कि इस समिति द्वारा मानव सेवा ही माधव सेवा की सोच रखते हुये हर माह के पहले रविबार को निः शुल्क दबाईया प्रदान करने के साथ साथ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। इसी के चलते बीते हुये रविबार को अपने 72 वें कैम्प का आयोजन किया गया। इस उपचार शिविर में 4 शहरों एंव 20 गावों के लगभग 132 मरीजों ने पहुंचकर कुशल चिकित्सो से अपना उपचार करवाया। वही दूसरी ओर सभी मरीजों को समिति द्वारा पर्यावरण की रक्षा का संदेश देते हुये कागज की पैकेटो में पूर्णरूप से निःशुल्क रूप से दबाईयों का वितरण किया गया। आयोजित किये गये इस मेडीकल कैम्प में गाडरवारा की जानीमानी महिला रोग विशेषज्ञ डाक्टर स्वाती कुरचानिया, डाक्टर संजय मोदी, डाक्टर अरूण दोहरे, डाक्टर राघवेन्द्र पुरी व सहयोगी के रूप में राहुल गिरी गोस्वामी सहित मानव सेवा समिति के युवाओं ने अपनी सेवायें प्रदान की गई। बताया जाता है कि इस 72 वें मेडीकल कैम्प में ग्राम बरेली सहित गाडरवारा, जबलपुर, इटारसी, भूतखेड़ा, नादना, पलोहा, थलबाड़ा, नारगी, सूखाखेरी, दहलबाड़ा, सलैया, चादनखेड़ा, इमलिया, बारहाबड़ा, महगवां खुर्द, कान्हरगाव सहित अनेक गावों के मरीजो ने पहुंचकर शिविर का लाभ लिया गया।





## आज सावन मास के चौथे सोमवार को जगह जगह होगी शिवजी की आराधना, निकलेगी कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

शिव भक्तों के लिये सावन मास शिवजी के आर्धना करने के लिये प्रमुख माना जाता है। इसी के चलते आज सावन मास के चौथे व अंतिम सोमवार को नगर के शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ने से नही चूकेगी। वही दूसरी ओर बताया जाता है कि सावन मास में जहां धार्मिक आयोजनों की धूम मची हुई देखी जा रही है। वही दूसरी ओर आज सावन मास के चौथें व अंतिम सोवार को नगर शिवमय होने से नही चूक पायेगा..। इस तरह सावन मास के चौथें सोमवारके विशेष संगम के शुभ योग में भगवान भोले नाथ का आर्शीवाद लेने के लिये भक्तों को उतवला होते हुये देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर इस तरह सावन मास के चौथे सोमवार के चलते आज शिवजी की आराधना में भक्त पूर्ण रूप से मग्न होने से नही चूक पायेगे। वही आज श्रावण मास के अंतिम सोवार को हर साल की भांति समीपस्थ तेंदूखेडा क्षेत्र के पूर्व विधायक संजय शर्मा द्वारा माँ नर्मदाजी के ककराघाट से शिवधाम डमरू घाटी तक तथा शिव भक्त मंडल के प्रमुख प्रियांक जैन तथा दिनेश गुर्जर द्वारा भी आज काबड़ यात्रा निकाली जावेगी जो शिवधाम डमरू घाटी पर पहुंचकर समापन होगा। इसी प्रकार से समीपस्थ थरेरी घाट से भी शिवभक्तों द्वारा कावड़ यात्रा निकाले जाने की तैयारिया पूर्ण हो चुकी है। यह काबड़ यात्रा थरेरी से शुरू होकर नरवारा, कोठिया, लिलवानी से होते हुये कौड़िया से निकलते हुये शिवधाम डमरूघाटी पहुंचेगी। इसी प्रकार से अन्य लोगों द्वारा भी आज काबड़ यात्राये निकालते हुये शिवजी का माँ नर्मदाजी के निर्मल नीर से शिवजी का अभिषेक किया जावेगा। इस तरह आज शिवधाम डमरूघाटी में भक्तों का जन सैलाब उमड़ने से नही चूक पायेगा। वही दूसरी ओर लगातार दूसरे वर्ष महाकाल की नगरी उज्जैन की तर्ज पर महाकाल की पालकी यात्रा भी निकाली जा रही है। इस तरह श्रवण मास के चौथें व अंतिम सोमवार के चलते आज नगर से लेकर गांव गांव अनेक जगहों पर शिव रूद्री निर्माण के आयोजन भी किये जावेगे। वही दूसरी ओर नगर के शिवधाम डमरूघाटी में शिव भक्तों का मेला लगने जैसी स्थिति भी आज देखने मिलेगी। जहां पर शहर सहित आसपास के गांवों से सैकड़ो शिव भक्त पहुंचते हुये भगवान भोलेनाथ की आर्धना करेगे। वही दूसरी ओर आज सावन मास के तीसरे सोमवार को अनेक जगहों पर विशाल काबड यात्रा निकाली जावेगी जो शिवजी के चरणों में जल अर्पित करते हुये आर्शीवाद ग्रहण करेगे। इस तरह आज शहर से लेकर क्षेत्र के गांवों में शिवजी की आराधना की धूम देखने मिलेगी।



## सूखाखेरी स्कूल में आयोजित किया गया मित्रता दिवस पर आधारित कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज/चीचली। राज्य आनंद संस्थान जिला मुख्यालय से आई हुई टीम द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूखाखैरी में अंतरराष्ट्रीय मित्रता दिवस का आयोजन शाला परिसर में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। वही कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य महेन्द्र सिंह पटेल ने छात्रों को आपसी प्रेम और मित्रवत व्यवहार के साथ रहने की प्रेरणा दी और विद्यालय में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने पर बल दिया। इस मौके पर डॉ. संदीप मेहरा ने प्रकृति को मित्र मानने की प्रेरणा दी और कई उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि प्रकृति हमारी सच्ची मित्र है। कार्यक्रम में रामजी प्रसाद ठाकुर ने पुस्तकों को जीवन की सच्ची मित्र बताते हुएउन्हें जीवन पथ का मार्गदर्शक बताया।रामकिशोर चौधरी ने मित्रता को निस्वार्थ बताते हुए उसमें किसी प्रकार का भेदभाव न करने की बात कही। कार्यक्रम में प्रतिपाल सिंह राजपूत ने सहज स्वीकृति और सहयोग की भावना को मित्रता का आधार बताया। इस अवसर पर नितेंद प्रताप राजगौड़, विनीता मेहरा सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ और विद्यार्थियों ने भी अपने विचार साझा किए।आनंद विभाग की जिला संपर्क व्यक्ति सुश्री विप्रा मोदी ने सभी का उत्साहवर्धन करते हुए आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।

## श्री झूलेलाल चालीसा के पावन अवसर पर संत लाल दास साई का आज होगा नगर आगमन

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।



इस दिनों चल रहे सावन माह के पावन अवसर पर जहां चारो ओर धामिक कार्यक्रमों की धूम मची हुई देखी जा रही है। वही दूसरी ओर आज आज 4 अगस्त दिन सोमवार को शाम 6:30 स्थानीय सुखदेव भवन में स्थानीय सिंधी पंचायत एवं झूलेलाल सेवा समिति के द्वारा आयोजित गीत संगीत एवं भजन के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बताया जाता है कि इस आयोजन के दौरान सिंधी समाज को अपनी महान सनातन हिन्दू सिंधी संस्कृति से जोड़ने वाले संत श्री लाल दास साई का आगमन हो रहा है। इस दौरान संत मुनि के द्वारा सिंधी समाज को भगवान श्री झूलेलाल की महिमा एवं सिंधी समाज के गौरवशाली इतिहास के वर्णन से अवगत कराया जावेगा।

## नर्मदेश्वर महाकाल की शाही सवारी आज



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। वैसे भी देखा जावे तो चल रहे सावन मास के दौरान धार्मिक आयोजनों की धूम मची हुई देखी जा रही है। वही दूसरी ओर आज सावन मास के अंतिम सोमवार के चलते नगर धर्ममय होते हुये देखा जावेगा। वही बताजाता है कि आज महाकाल की नगरी उज्जैन की शैली के अनुरूप नगर में नर्मदेश्वर महाकाल की शाही सवारी निकाले जाने की तैयारी की गई है। बताया जाता है कि इस तरह का आयोजन नगर की प्रजा को आशीर्वाद देने आज 4 अगस्त सोमवार को दोपहर से शिवधाम डमरूघाटी से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई ऋणमुक्तेश्वर धाम शिवालय चौक पहुंचेगी। जहां महा आरती प्रसादी वितरण किया जाएगा। समस्त बाबा महाकाल भक्त एवं क्षेत्र वासियों ने उपस्थिति की अपेक्षा जताई गई है। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण जय महाकाल शयन आरती भक्त मंडल उज्जैन द्वारा की जाएगी।

# शिक्षक ने गाँव गाँव दिया नशे से दूर रहने का संकल्प नशा पूरे परिवार को बर्बाद करने वाली महाबीमारी है





हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

जहां एक ओर पुलिस प्रशासन द्वारा नशा मुक्ति अभियान लगातार चलाया जा रहा है। वही दूसरी ओर अब इस मुहिम में शिक्षा विभाग से जुडे हुये शिक्षक भी अपनी अहिम भूमिका निभाते हुये देखे जा रहे है। क्योंकि समाज में व्याप्त नशे की आदत को जड़ से खत्म करने के प्रयास गांव और नगरों में विभिन्न संस्थाओं द्वारा किए जा रहे हैं। इन कल्याणकारी प्रयासों से कुछ हद तक सफलता भी मिली है। परंतु समाज में व्याप्त यह बुराई समूल नष्ट नहीं हो पा रही है। विशेषकर ऐसे तबके के लोग जो वंचित और पिछड़े समूह के कम पड़े लिखे हैं उनमें अधिकांश लोग नशे में लिप्त दिखाई देने से नही चूक रहे है। अपनी स्कूल ड्यूटी से अतिरिक्त समय में राज्य स्तरीय सम्मान प्राप्त शिक्षक हल्के वीर पटैल सामाजिक चेतना के उद्देश्य से गांव - गांव जाकर नशा मुक्ति और शिक्षा उत्थान का कार्य कर रहे हैं। इनका कहना है कि परिवार में घर के सदस्य शराब पीकर आते हैं या अन्य कोई नशा करते हैं तो इसका नकारात्मक प्रभाव बच्चों की शिक्षा में पड़ रहा है। इस स्थिति में बच्चे अपने घर में मन लगाकर पड़ नहीं पा रहे हैं। शिक्षक हल्के वीर ने नशे में लिप्त ऐसे अभिभावक बंधुओं के प्रति गहरी चिंता व्यक्त की है जो नशा करके घरेलू हिंसा फैलाई जाती है फलस्वरूप शोर - शराबे के कारण उस घर का विद्यार्थी न तो पढ़ पाता है और न ही नियमित स्कूल जा पाता है । ऐसे बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता कैसे सुधरेगी, ऐसे परिवार का उत्थान कैसे संभव है। नव युवाओं में तंबाकू उक्त पाउच वाले गुटखे खाने की बढ़ रही प्रवृत्ति को लेकर शिक्षक ने गंभीरता से लिया है। समाज की इस भयंकर बुराई को दूर करने और ऐसे पालकों में चेतना उत्पन्न करने के उद्देश्य से राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक हल्के वीर पटेल ने सामाजिक जागरूकता अभियान चलाया है। प्रातः काल और शाम को शिक्षक अपनी मोटर साइकिल में लाउड स्पीकर बांधकर घर -घर नशा मुक्ति तथा शिक्षा की अलख जगा रहे हैं और सामाजिक चेतना उत्पन्न कर रहे हैं।

### एक राय होकर की मारपीट

गाडरवारा। समीपस्थ ग्राम कौड़िया निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने घर था उसी समय कौड़िया ही निवासी विष्णु कहार, कमलेश एवं लालचंद कहार आये और तीनों एक राय होकर गंदी गंदी गालिया देने लगे जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो तीनों ने एक राय होकर लाठी से मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के

### लोहे का चूड़ा मारते हुये चोट पहुंचाई

गाडरवारा। नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम पतलोन निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह शराब ठेका के पीछे एक चखना दुकान पर बैठकर शराब पी रहा था उसी दौरान आकाश मिर्धा भी वहां पर शराब पी रहा था तो अचानक गंदी गंदी गालिया देने लगा। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा अपने हाथ में पहने हुये लोहे का चूड़ा मारते हुये चोट पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## सावन बाजार की व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन की अनदेखी के चलते आम जनता को बन रहा परेशानी का कारण

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।





हर वर्ष देखा जाता था कि प्रशासन द्वारा सावन माह के दौरान बाजार में उमड़ने वाली भीड़ तथा राखी बाजार को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन करते हुये रूप रेखा बनाई जाती थी। मगर बडे ही हैरत की बात है कि इस वर्ष प्रशासन द्वारा इस वर्ष अभी तक किसी भी प्रकार से शांति समिति की बैठक का आयोजन करने की जरूरत नही समझी गई है और रक्षा बंधन के लिये एक हप्ता से भी कम दिन शेष बचे है और देखा जा रहा है कि नगर की संपूर्ण व्यव्थाये भगवान भरोसे नजर आने से नही चूक रही है? इस तरह जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा सावन बाजार की अनदेखी कर देना जहां अधिकारियों के गैर जिम्मेदाराना रवैया का उजागर कर रहा है तो दूसरी रक्षा बंधन त्यौहार के लिये मात्र चंद दिवस शेष रहने के कारण बाजार में उमड़ रही भीड़ परेशान होते हुये देखी जाने लगी है। क्योंकि आने वाले दो चार दिन में भीड़ में इजाफा होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। यदि यही आलम रहा तो लोगों का बाजार के अंदर खरीदारी करना मुश्किल हो जावेगा। वही दूसरी ओर देखा जावे तो आज शहर के मुख्य बाजार यानि की झंडा चौक सहित पूरा बाजार सजा हुआ है। वैसे भी देखा जावे तो हर वर्ष रक्षा बंधन त्यौहार के दौरान एक हप्ता पहले से ही बाजार में सुबह 9 बजे से भीड़ का आलम नजर आने लगता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये प्रशासन द्वारा रक्षा बंधन त्यौहार के लगभग एक सप्ताह पहले से ही बाजार क्षेत्र में भारी वाहनों का आना जाना प्रतिबंधित कर दिया जाता था तो दूसरी ओर राखी सहित अन्य सावन की दुकानों को व्यवस्था के साथ स्थापित कराई जाती थी जिससे यातायात व्यवस्था में परेशानी का सामना न करना पड़े। मगर इस वर्ष प्रशासन के गैर जिम्मेदाराना रवैया के चलते रक्षा बंधन त्यौहार की संपूर्ण व्यवस्थाये भगवान भरोसे चलते हुये देखी जा रही है जिसका परिणाम है कि बाजार क्षेत्र में उमड़ रही भीड़ के दौरान प्रवेश कर रहे बडे बडे वाहनों के चलते विवाद की स्थिति निर्मित होने से नही चूक रही है और जाम लगने के कारण बाजार में पैदल आने जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करते हुये देखा जा रहा है।

# ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर, कुकर्रामठः शिव भक्तों की आस्था का अद्भुत धाम

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

जिले के कुकर्रामठ ग्राम में स्थित ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर नर्मदांचल अंचल का एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बनता जा रहा है। यह शिवधाम आस्था, आध्यात्म और मान्यताओं का संगम है, जहाँ हर वर्ष हजारों श्रद्धालु अपने कष्टों से मुक्ति और ऋणमोचन की कामना लेकर पहुंचते हैं।





## पौराणिक मान्यता से जुड़ा है मंदिर

स्थानीय जनश्रुतियों और श्रद्धालुओं की मान्यता के अनुसार, इस मंदिर में भगवान शंकर के ऋणमुक्तेश्वर स्वरूप की पूजा की जाती है। यह माना जाता है कि जो भी श्रद्धालु यहां सच्चे मन से जलाभिषेक करता है, उसे जीवन के सभी प्रकार के ऋण — चाहे वो आर्थिक हों, मानसिक हों या पारिवारिक से मुक्ति मिलती है। इसी मान्यता के चलते यह धाम शिवभक्तों के लिए विशेष महत्व रखता है।

## सावन में उमड़ती है आस्था की भीड़

श्रावण मास के दौरान, विशेष रूप से सोमवार को, यहां पर भक्तों की अपार भीड़ उमड़ती है। डिंडौरी जिले सहित आस-पास के क्षेत्रों से कांवड़ यात्राएं निकाली जाती हैं, जिनके श्रद्धालु नर्मदा जल लेकर मंदिर पहुंचते हैं और भोलेनाथ का अभिषेक करते हैं।

सबसे प्रमुख कांवड़ यात्रा ऋणमुक्तेश्वर कांवड़ यात्रा समिति के तत्वावधान में आयोजित की जाती है, जो कि लगभग 15 वर्षों से निरंतर रूप से निकाली जा रही है। इस यात्रा में बड़ी संख्या में युवा, महिला श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीणजन उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं।

## प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिक वातावरण का संगम

ऋणमुक्तेश्वर मंदिर का परिसर प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर है। मंदिर के चारों ओर हरियाली, शांत वातावरण और आध्यात्मिक ऊर्जा यहाँ आने वाले हर व्यक्ति को विशेष आत्मिक शांति का अनुभव कराती है। यह स्थान धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से भी अत्यंत संभावनाशील माना जा रहा है।

## विकास की अपेक्षा


श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस धार्मिक स्थल को पर्यटन के मानचित्र पर लाया जाए। मंदिर परिसर में आधारभूत सुविधाएं जैसे सड़क, पेयजल, शौचालय, विश्राम स्थल, साफ-सफाई आदि की उपलब्धता बढ़ाई जाए ताकि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि डिंडौरी जिले की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान बन चुका है। यहाँ की आस्था, परंपरा और शिवभक्ति का संगम श्रद्धालुओं को बार-बार यहाँ खींच लाता है। सावन के इस पावन अवसर पर यह शिवधाम श्रद्धा और विश्वास से ओत-प्रोत दिखाई देता है।

# क्या प्रशासन को किसी बड़े हादसे का हैं इंतजार ?

हरिभूमि न्यूज अमरपुर।





जनपद शिक्षा केंद्र अमरपुर क्षेत्रांतर्गत एक हायर सेकंडरी विद्यालय कमकोमोहनियां में संचालित हैं। जहां नर्सरी केजी 1 से केजी 2 प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी तक की कक्षाएं संचालित हो रहे हैं। विद्यालय में 470 विद्यार्थी अध्यनरत हैं। जिस विद्यालय का भवन इतना जर्जर हो गया हैं कि पूरे विद्यालय की छत में त्रिपाल लगाकर कक्षाएं संचालित करने की शिक्षकों की मजबूरी हैं। इसके साथ ही कमरों के अंदर छत से प्लास्टर भी गिर रहे हैं। शिक्षकों का कहना हैं कि छात्रों को चढ़ाकर ठोक कर देख लिया करते हैं कि कहीं किसी के ऊपर ना गिर जाए। इस तरह उक्त विद्यालय में डर के साये में छात्र अपना भविष्य संवारने में मजबूर हैं। इतनी बदतर स्थिति में विद्यालय संचालन के बाद भी कोई जिम्मेदारी अधिकारी उस विद्यालय के छात्रों का सुध लेने अभी तक नहीं पहुंच पाए हैं। प्राचार्य एवं शिक्षकगण अपने स्तर से व्यवस्था बनाकर संचालन कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में कोई बड़ा हादसा हो जाए उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी।

## पीएम श्री विद्यालय भवन वर्षों से अपूर्ण

कमकोमोहनियां में ही एक पीएम श्री विद्यालय भवन निर्माण पिछले तीन वर्षों से किया जा रहा हैं। जोकि अभी तक पूर्ण नहीं हो सका हैं। वह भवन भी गुणवत्ताहीन निर्माण हो रहा हैं। जहां अभी से ही कुछ कमरों में छत से पानी रिस रहा हैं। तो फिर उस भवन का भविष्य क्या होगा। पूर्व में भी इस भवन की गुणवत्ता के संबंध में समाचार प्रकाशित किया जा चुका हैं, फिर भी गुणवत्ता में सुधार कार्य नहीं किया जा सका हैं। शायद आने वाले समय में वहां भी त्रिपाल लगाकर संस्था संचालक करना पड़ेगा। जहां ग्रामीणों का कहना हैं कि छात्रों के भविष्य को देखते हुए भवन मजबूत बनाना चाहिए जिससे ऐसी नौबत ना आने पाए।

## प्राथमिक शाला बटिया

इसी प्रकार अमरपुर मुख्यालय के करीब प्राथमिक शाला बटिया के भवन में भी त्रिपाल लगाकर संस्था संचालित किया जा रहा हैं। इनके अलावा पूरे ब्लॉक में अनेकों शाला भवन इसी स्थिति में संचालित हो रहे हैं। जिससे प्रशासन की बड़ी लापरवाही उजागर हो रहा हैं। प्रदेश दूसरे प्रदेश में हो रहे हादसों से भी सीख नहीं ली जा रही हैं। शायद कोई बड़ा हादसा होने के बाद ही प्रशासन के द्वारा कोई कार्यवाही की जाएगी।

## इनका कहना हैं कि-

कमकोमोहनिया में नया भवन निर्माण हो रहा हैं, हस्तांतरण उपरांत संस्था नए भवन में संचालित होना शुरू हो जाएगा।

**व्ही के चिचाम**
बीईओ अमरपुर

**शीघ्र ही व्यवस्था नहीं बनाई जाती तो कांग्रेस पार्टी इसके विरोध में धरना प्रदर्शन करेगी।**

**लियाकत अली**
जिला अध्यक्ष कांग्रेस
समाज कल्याण प्रकोष्ठ

# संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह एवं आकांक्षा हाट समापन समारोह का भव्य आयोजन संपन्न

शहपुरा

पीएम श्री शासकीय विद्यालय मैदान, डिंडोरी में संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह एवं आकांक्षा हाट समापन समारोह का सफल एवं गरिमामयी आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन नीति आयोग के मार्गदर्शन में संचालित आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया, जिसमें बजाग, करंजिया एवं मेहंदवानी विकासखंडों के विभागीय टीमों के उत्कृष्ट योगदान को सम्मानित किया गया। समारोह में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, कृषि विभाग एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (**NRLM**) के जमीनी स्तर पर कार्यरत कर्मियों को उनके प्रभावी एवं प्रतिबद्ध प्रयासों के लिए प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डिंडोरी विधायक ओमकार सिंह मरकाम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रेश परस्ते, भाजपा जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, जिला उपाध्यक्ष अंजू ब्यौहार, जनपद सदस्य हीरा देवी, तथा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज टेकाम विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर एवं जिला योजना अधिकारी भारती मेरावी द्वारा अतिथियों को आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के तहत अब तक प्राप्त प्रमुख उपलब्धियों एवं सूचकांकों में सुधार की जानकारी दी गई।



उन्होंने बताया कि संपूर्णता अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए डिंडोरी जिला कलेक्टर नेहा मारव्या को आगामी 20 अगस्त 2025 को राज्य स्तरीय समारोह में रजत एवं कांस्य पदक से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के दूसरे भाग में तीन दिवसीय 'आकांक्षा हाट' के सफल समापन की घोषणा की गई। हाट में भाग लेने वाले स्थानीय उत्पादकों, स्व-सहायता समूहों एवं हस्तशिल्पियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। साथ ही, उन्हें डिजिटल प्लेटफॉर्म्स एवं ई-कॉमर्स बाजारों से जोड़ने हेतु कार्ययोजना की रूपरेखा प्रस्तुत की गई, जिससे उनकी उत्पादकता एवं आय में दीर्घकालिक वृद्धि सुनिश्चित की जा सके। इस आयोजन को सफल बनाने में जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय के अभिषेक बंसल, आकांक्षी विकासखंड फेलो सर्वेश गुप्ता, विकास जैन एवं हरीश विश्वकर्मा का विशेष सहयोग उल्लेखनीय रहा।

समारोह के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रेश परस्ते ने जिला प्रशासन को सुझाव दिया कि स्थानीय स्व-सहायता समूहों एवं विक्रेताओं को जिला अस्पतालों में चादर व आवश्यक सामग्री की आपूर्ति से जोड़ा जाए, जिससे उनकी आजीविका को मजबूती मिल सके। विधायक ओमकार सिंह मरकाम ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में उद्यमिता विकास हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने तथा विक्रेताओं को संगठित रूप से प्रेरित करने की बात कही। भाजपा जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने इसे नीति आयोग एवं भारत सरकार द्वारा स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक नवाचारी प्रयास बताया। वहीं, पंकज तेकाम ने 'वोकल फॉर लोकल' की अवधारणा को साकार करने की दिशा में यह पहल एक दृढ़ एवं प्रभावी कदम बताया। यह समारोह न केवल जिले में विभागीय एवं सामुदायिक भागीदारी की उत्कृष्ट मिसाल रहा, बल्कि यह आयोजन स्थानीय नवाचार, आर्थिक स्वावलंबन एवं सतत विकास की दिशा में डिंडोरी जिले की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# सरपंच, सचिव, उपयंत्री और रोजगार सहायक से 5.57 लाख की वसूली का आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

जिला पंचायत डिंडौरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनिल कुमार राठौर द्वारा एक अहम निर्णय लेते हुए ग्राम पंचायत स्तर पर हुई वित्तीय अनियमितता के मामले में शासकीय राशि दुरुपयोग करने वालों के विरुद्ध सख्त कदम उठाया गया है। पंचायत राज एवं स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 89 के तहत शहपुरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कंचनपुर के चार जिम्मेदारों से कुल 5,57,720/- की राशि वसूली का आदेश पारित किया गया है।




यह कार्रवाई 28 जुलाई 2025 को जारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग डिण्डौरी की जांच प्रतिवेदन के आधार पर की गई, जिसमें निर्माण कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन में गड़बड़ियों की पुष्टि हुई थी।

***वसूली आदेश में सरपंच कृष्ण कुमार ओटिए से 2,23,500/-, सचिव लक्ष्मी प्रसाद यादव से 2,23,500/-, उपयंत्री श्याम सुंदर सेन से 38,934/-, तत्कालीन ग्राम रोजगार सहायक मुकेश बांधवे से 71,786/- कुल वसूली योग्य राशि 5,57,720/- (पांच लाख सत्तावन हजार सात सौ बीस रुपये मात्र) है।***

जारी आदेश के मुताबिक ग्राम पंचायत कंचनपुर सचिव लक्ष्मी प्रसाद यादव,ग्राम रोजगार सहायक मुकेश बांधवे के दोषी सिद्ध होने से उनके विरूद्ध पृथक से अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी । वहीं कृष्ण कुमार ओटिये सरपंच, लल्लू राम झारिया, पंच एवं आरती अग्रवाल पंच के विरुद्ध पृथक से मध्य प्रदेश पंचायतराज अधिनियम 1993 की धारा 40 के तहत कार्यवाही के लिये प्रकरण दर्ज करने की बात कही है।

## जांच में क्या सामने आया?

जांच रिपोर्ट में पाया गया कि निर्माण सामग्री की खरीद, श्रमिकों के भुगतान एवं विभिन्न योजनाओं की राशि में भारी गड़बड़ी की गई थी। बिना तकनीकी स्वीकृति और माप पुस्तिका के भुगतान कर दिए गए, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग सिद्ध हुआ।

## प्रशासन ने क्या कहा?

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत डिंडोरी द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यदि एक माह के भीतर संबंधित व्यक्ति उपरोक्त राशि जमा नहीं करते हैं, तो मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता के तहत राजस्व वसूली की कार्रवाई की जाएगी।

## स्थानीय लोगों ने किया निर्णय का स्वागत

स्थानीय ग्रामीणों ने इस कार्रवाई का स्वागत किया है। उपसरपंच विसराम ने बताया, यह निर्णय ग्रामीण विकास के लिए आने वाली योजनाओं की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जरूरी है। यदि दोषी अधिकारी जवाबदेह नहीं होंगे तो ग्रामीणों का भरोसा टूट जाएगा।

वहीं वीरेंद्र तिवारी ने कहा, "इस कार्रवाई से यह संकेत गया है कि अब पंचायतों में भ्रष्टाचार नहीं चलेगा। प्रशासन को हर ग्राम पंचायत की नियमित ऑडिट करनी चाहिए।

यह मामला पंचायतों में जवाबदेही, पारदर्शिता और वित्तीय अनुशासन की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। जिला प्रशासन की यह कार्रवाई भविष्य में होने वाली अनियमितताओं को रोकने के लिए एक नजीर बन सकती है।

# शंकर घाट पर स्वच्छता सेवा, "मैया अभियान" के अंतर्गत मां नर्मदा को समर्पित प्रयास

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

सेवा व पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से चलाए जा रहे मैया अभियान के अंतर्गत रविवार को शंकर घाट पर व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान पिछले तीन वर्षों से लगातार जारी है, जिसमें नगरवासी, विद्यार्थी एवं शासकीय कर्मचारी प्रत्येक रविवार सुबह 7 बजे श्रमदान कर रहे हैं।

शंकर घाट, जहाँ प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु पूजा-अर्चना व स्नान हेतु आते हैं, वहां हाल ही में आई बाढ़ के कारण बड़ी मात्रा में प्लास्टिक, पन्नियाँ, कपड़े व अन्य कचरा जमा हो गया था। अभियान के तहत इन प्रदूषकों को हटाकर लगभग एक



ट्राली अपशिष्ट सामग्री का निपटान किया गया। स्वच्छता सेवा में शामिल डॉ. संतोष परस्ते (आयुष विभाग), वरिष्ठ शिक्षक शाहिद खान, नेहरू युवा केंद्र से आर. पी. कुशवाहा, शिक्षक जितेन्द्र दीक्षित, पशु चिकित्सा विभाग से गणेश गवले, प्रयास कोचिंग के मनोज चौकसे, रक्त देवदूत भागवत यादव, ओम वीर जाट, आशीष तिवार, एवं विद्यार्थी माही बोरोतिया, अवध गोहिया, यथार्थ यादव, संतोष परमार, धीरज रजक, राकेश नामदेव तथा विजय आदि ने स्वेच्छा से भाग लेकर नर्मदा सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।"मैया अभियान" से जुड़े सभी सदस्यों ने नगरवासियों, विद्यार्थियों व कर्मचारियों से अपील की है कि वे इस पुण्य कार्य में सहभागी बनें एवं मां नर्मदा को स्वच्छ एवं निर्मल बनाए रखने में अपना योगदान दें।यह सतत जन-सहयोग ही है जो पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्य को साकार रूप दे रहा है।

# शिक्षकों की डिग्री पर उठा सवाल, डीएड की प्रमाणिकता की जांच के आदेश!

डिंडौरी ।

जिले में शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। डिंडौरी के जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जारी पत्र के अनुसार माध्यमिक विद्यालय मोहती में पदस्थ शिक्षक व सहायक अध्यापक की शैक्षणिक योग्यता पर संदेह जताया गया है।

जनसुनवाई में दिनांक 27 मई 2025 को प्राप्त शिकायत पर कार्यवाही करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने मंडला जिले के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) को पत्र भेजकर समुचित जांच के निर्देश दिए हैं।पत्र के अनुसार, आवेदक लोकसिंह सिंह दुर्वासा द्वारा माध्यमिक विद्यालय मोहती में पदस्थ सहायक अध्यापक तामेश्वर दास सुरेश्वर और प्राथमिक विद्यालय केवलारी में पदस्थ शिक्षक तिलक सिंह की डीएलएड डिग्री की वैधता को लेकर संदेह जताया गया है। शिकायत में मांग की गई है कि दोनों शिक्षकों के डिग्री प्रमाण पत्रों की जांच की जाए और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा संबंधित दस्तावेजों की मूल प्रति प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंडला को भेजते हुए निर्देशित किया गया है कि वे दस्तावेजों की जांच कर रिपोर्ट तत्काल उपलब्ध कराएं ताकि आवेदक को जवाब दिया जा सके और आगे की कार्यवाही की जा सके। फर्जीवाड़े का यह मामला न केवल शिक्षा विभाग की पारदर्शिता पर सवाल खड़ा करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि यदि समय रहते जांच और सत्यापन न हो तो शैक्षणिक संस्थानों की गुणवत्ता व विश्वसनीयता प्रभावित हो सकती है। अब निगाहें जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंडला की जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं। फर्जीवाड़ा सत्यापित होने पर फर्जी प्रमाणपत्र धारकों के विरुद्ध कार्रवाई हो सकती है।

# आम आदमी पार्टी डिंडोरी की बैठक संपन्न, संगठन विस्तार पर हुआ मंथन

**शहपुरा।** आम आदमी पार्टी की एक अहम बैठक डिंडोरी जिले में संपन्न हुई। इस बैठक में जिले के प्रभारी युवराज विश्वकर्मा एवं सहप्रभारी नवल सोनकर और दिनकर शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को जिला स्तर से लेकर ब्लॉक स्तर तक विस्तार देना और उसे मजबूती प्रदान करना था। इस दौरान सातों ब्लॉकों में संगठन विस्तार की रणनीति पर गहन चर्चा की गई। संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका पर भी विशेष बल दिया गया। बैठक में जिले के विभिन्न पदाधिकारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



बैठक में जिलाध्यक्ष काशीराम झारिया, जिला उपाध्यक्ष हरितलाल हंसराज, सुदीप सिंह माधवी, दिलीप कुमार धनंजय, सहसचिव झनकलाल तेकाम, हरीश सोनवानी, युवा अध्यक्ष सोहन सिंह तेकाम सहित समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। बैठक के अंत में यह भी तय किया गया कि आने वाले समय में प्रत्येक ब्लॉक में बैठकों का आयोजन कर स्थानीय स्तर पर संगठन की मजबूती सुनिश्चित की जाएगी।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गुरैया में विधिक जागरूकता शिविर एवं पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न

## पौधारोपण महाअभियान का 164वां रविवार, 30 फलदार पौधे रोपे गए

डिंडौरी

**धारा सरस्वती शैक्षणिक एवं समाज उत्थान समिति के तत्वावधान में चल रहे पौधारोपण महाअभियान के अंतर्गत 164वें रविवार को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, गुरैया में विधिक जागरूकता शिविर एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**



यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डिंडौरी के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति शहपुरा द्वारा आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ खंड न्यायाधीश कर्नल सिंह श्याम ने शिविर में उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए संविधान में निहित मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी दी। साथ ही मोटर वाहन अधिनियम, न्यायालयीन प्रक्रिया, विधिक सहायता और सलाह से संबंधित विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों की जानकारी होना भी आवश्यक है। शिविर व पौधारोपण में एडवोकेट निर्मल कुमार साहू, एडवोकेट विनय झारिया, पत्रकार भीमशंकर साहू, महेश कुमार साहू (लिपिक), महेंद्र कुड़ापे, सरपंच अनूप कुशराम, छात्रावास अधीक्षिका मंजू चंद्रौल, महिला पुलिस आरक्षक रूक्मणी पासी सहित विद्यालय की छात्राएं व स्टाफ सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात विद्यालय परिसर में 30 फलदार पौधों का रोपण किया गया। यह गतिविधि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल रही। इस संयुक्त आयोजन की सराहना छात्रावास प्रबंधन, विधिक सेवा समिति एवं धारा सरस्वती शैक्षणिक एवं समाज उत्थान समिति द्वारा की गई। साथ ही भविष्य में भी इसी तरह के जागरूकता और सेवा कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया गया।

# मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने अतिवर्षा व बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण किया

प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने पिछले बीते दिनों जिले में हुई अतिवर्षा तथा बाढ़ की स्थिति से प्रभावित होने वाले नरसिंहपुर विधानसभा के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में पीड़ित नागरिकों की सुरक्षा हेतु प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण रविवार को किया।

हरिभूमि न्यूज नरसिंहपुर।



उन्होंने इस दौरान बाढ़ प्रभावित क्षेत्र ग्राम जमुनिया, खमरिया, रीछई व पिंडरई कलां के पुल-पुलियो, क्षतिग्रस्त मार्गों और मकानों का निरीक्षण किया। मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने नागरिकों से अपील की कि अतिवर्षा व बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में आवागमन न करें। अतिवर्षा व बाढ़ से प्रभावित नागरिकों की हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने ग्राम जमुनिया के मजरे-टोलों तक आवागमन के लिए पक्की सडक बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिवर्षा व बाढ़ प्रभावित लोगों की हुई नुकसान के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मैदानी अमले को नियमित रूप से अतिवर्षा व बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों और नदी- नालों पर निगरानी रखने के निर्देश दिये। अतिवर्षा व बाढ़ की स्थिति होने पर तत्काल नागरिकों को अवगत कराने को कहा, जिससे जन- माल की सुरक्षा बनी रहे। उन्होंने इस दौरान क्षतिग्रस्त सडक़ मार्ग एवं पुल-पुलियों के मरम्मत करने के निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन, सडक़ मार्ग एवं पुल-पुलियों की मांग की। मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने ग्रामीणों की मांगों को पूरा करने का भरोसा दिया। निरीक्षण के दौरान पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, एसडीएम मणिन्द्र सिंह, तहसीलदार गौरीशंकर शर्मा, रामसनेही पाठक, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी और ग्रामीणजन मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### श्रावण मास का आखिरी सोमवार आज

**नरसिंहपुर।** भगवान भोलेनाथ की आराधना का पावन पुनीत मास श्रावण मास का आज चौथा सोमवार है।जगह-जगह भगवान भोलेनाथ के अभिषेक पूजन अर्चन किये जायेंगे ।शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालु पूजन अर्चन के लिए पहुंचेंगे महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन किया जायेगा। जगह जगह अखंड रामायण पाठों का आयोजन किया गया है। रात्रि के समय शिवालयों में संगीतमय सुंदरकांड पाठ की श्रंखला चलाई जा रही है जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हो रहे हैं।नगर में धार्मिक वातावरण देखने को मिल रहा है।

### छाता का वितरण



**नरसिंहपुर।** समाजसेवी स्वर्गीय तेजसिंह छाबड़ा की यादगार मे उनके पुत्रो द्वारा हर बर्ष जरूरतमंदो कुछ ना कुछ वितरण किया जाता है। इस बार भी इतवारा बाजार में उनके पुत्र सब्जी मार्केट एसोसिएशन संघ के अध्यक्ष जसवीर सिंह ओर बबलू छाबड़ा द्वारा बरसात का मौसम देखते हुए जरूरतमंदों को छाता वितरण किया गया। जिससे कि लोग बारिश आने पर भीगे ना। यह अपने पिता के प्रति सम्मान को भी दर्शाता क्योंकि पिता के जाने के बाद हमेशा सूनापन बना रहता है।

### सड़क दुर्घटना में बाइक चालक की मौत

**नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर से गोटेगांव मार्ग पर बहोरीपार के पास रविवार की दोपहर एक बाइक और साइकिल के बीच हुई भिड़ंत में बाइक चालक की मौत हो गर्र्ई। इस घटना में मृतक के संबंध में जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी थी। वहीं साइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसे इलाज के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया। उसकी हालत भी गंभीर होने की वजह से विस्तृत विवरण प्रतीक्षित है।

### बाइक अनियंत्रित होने से युवक घायल

**नरसिंहपुर-** स्टेशनगंज थाना अंतर्गत पांजरा निवासी युवक रामेश्वर ठाकुर पिता सोम सिंह ठाकुर 23 वर्ष बाइक से घर जा रहा था। उसी दौरान लोकीपार के पास बाइक अनियंत्रित हो गई और वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे हाइवे की 1033 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया। जहां घायल का उपचारें किया जा रहा हैं।

### क्रॉसिंग के दौरान फोर व्हीलर से टकराई बाइक

**नरसिंहपुर।** हर्रई थाना अंतर्गत भैसापाला निवासी विजय नाथ अपने किसी काम से बाइक से बम्होरी गया हुआ था। वही बम्होरी तिराहे पर रोड क्रॉस करते समय फ ोरव्हीलर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। वही फ ोरव्हीलर भी मौके से फ रार हो गई। घटना स्थल के समीप नाश्ते की दुकान मालिक ने एम्बुलेंस को सूचना दी और घायल को एम्बुलेंस की सहायता से हर्रई सरकारी अस्पताल भेजा गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद नरसिंहपुर जिलाअस्पताल रेफ र कर दिया।

### ग्रामीण पर धारदार हथियार से हमला

**नरसिंहपुर।** ठेमी थाना अंतर्गत सिमरी बड़ी निवासी दीपक पिता पोहप सिंह पटेल उम्र 32 वर्ष अपने भाई के साथ खेत जा रहा था। उसी दौरान गांव के रामसिंह पटेल ने बका से हमला कर दिया और सर में बका मार दिया । जिससे दीपक को गम्भीर चोट आ गई। वही परिजन उसे ठेमी थाने लेकर पहुंचे। जहां शिकायत दर्ज की और पुलिस मुलाहजा करवाने जिला अस्पताल लेकर आई। ग्रामीण का जिला अस्पताल में किया जा रहा हैं।

### अन्नदाता ओर वेयरहाउस में उपस्थित सभी लोगों को कराया भोजन



**नरसिंहपुर।** कठौतिया सेंट्रल वेयरहाउस में कई दिनों से अन्नदाताओं की मूंग तुलाई करने को लेकर लंबी लाइन लग रही रहती है। जिसके कारण उनके नंबर आने में दो से तीन दिन ओर किसी को पांच दिन तक लग रहे है। बीते दिवस सब्जी मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष जसवीर सिंह छाबडा द्वारा गुरु नानक लंगर कमेटी से सबको भोजन रूपी प्रसाद ग्रहण कराया। अन्नदाता हर व्यक्ति को भोजन कराता है।



# विश्व संस्कृत दिवस पर राधा कृष्ण मंदिर में हुआ आयोजन

**नरसिंहपुर।** रविवार को विश्व संस्कृत दिवस पर स्थानीय राधा कृष्ण मंदिर नरसिंहपुर में सनातन पुजारी कर्मकांडी ब्राम्हण सभा एवं मप्र परशुराम कल्याण बोर्ड के संयुक्त तत्वाधान में नरसिंहपुर जिले के प्रकांड संस्कृत विद्वान पण्डित बलिराम शास्त्री पूर्व प्रधानाचार्य मुक्तानंद संस्कृत विद्यालय नरसिंहपुर का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्मान किया गया। इस अवसर पर पंडित सुरेन्द्र त्रिवेदी संरक्षक, पंडित एस, के, चतुर्वेदी जिला प्रभारी म प्र परशुराम कल्याण बोर्ड नरसिंहपुर, पंडित विपिन चन्द्र दुबे (महाकाल महाराज) जिला अध्यक्ष सनातन पुजारी कर्मकांडी ब्राम्हण सभा , पंडित लक्ष्मण वैष्णव संयोजक, पंडित प्रमोद आचार्य कोषाध्यक्ष, पंडित शुभम्-शर्मा, पंडित रवि मिश्रा सहित ब्राम्हण समाज के सभी सदस्यों की उपस्थिति में संस्कृत ग्रंथ पूजन, संस्कृत प्रवचन के साथ निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । सभी सामाजिक सदस्यों ने भगवान परशुराम का जयकारा के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# इनर व्हील क्लब में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

### सौंपे गए दायित्व

नरसिंहपुर।



इनर व्हील क्लब नरसिंहपुर के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जिला अध्यक्ष विभा सिंह एवं गीता भदौरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके कर-कमलों द्वारा क्लब के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना एवं इनर व्हील क्लब प्रार्थना के साथ हुई। इसके पश्चात स्वागत नृत्य द्वारा अतिथियों का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों द्वारा क्लब के सभी सदस्यों को बैज पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निम्न पदाधिकारियों की नियुक्ति की गईजिसमें अध्यक्ष भारती ठाकुर, सचिव सीमा स्थापक ,कोषाध्यक्ष मंजूषा सेन, एडिटर डॉ. नेहा नेमा, आइसो पूनम धुर्वे, उपाध्यक्ष विमला ठाकुर,सह सचिव रिंकी राय, सह कोषाध्यक्ष प्रतिभा राय, सह संपादक रानू अवधिया एवं क्लब में कई नए सदस्यों का भी स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों ने इनर व्हील क्लब की गतिविधियों, सामाजिक कार्यों और इसकी विशेषताओं पर प्रकाश डाला। मंच संचालन वंशिका चावला ने किया। क्लब की वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष सुमन साहू ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विंध्या तिवारी, ज्योत्सना राय, सुनीता राजपूत, ज्योति सोनी, प्रियंका साहू, ज्योति नेमा, आकांक्षा साहू, रश्मि सलूजा, रजनी राजोरिया, सोनाली राय, वंशिका चावला, सुमन साहू सहित नए सदस्य अंजली साहू, सुरुचि साहू, माधुरी, रूबी, तनु, रेशू आदि मौजूद रहीं।



# महिला कायस्थ सभा द्वारा हरियाली महोत्सव का आयोजन

नरसिंहपुर।

जिला महिला कायस्थ सभा द्वारा श्री देव चित्रगुप्त मंदिर में हरियाली महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें कायस्थ समाज की महिलाओं द्वारा विविध प्रतियोगिताओं के साथ भजन कीर्तन आदि कार्यक्रम किए गए। महिला कायस्थ समाज की अध्यक्ष श्रीमती अनीता खरे ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कायस्थ समाज द्वारा हरियाली महोत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमें महिलाओं ने अपनी उल्लासमय प्रतिभागिता दी है। प्रतियोगिताओं में वरीयता हासिल करने वाली बहनों को पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही गत दिवस हाथीनाला में दुर्घटना का शिकार हुए शहर के तीन बच्चों को श्रद्धांजलि दी एवं शासन से हाथीनाला जैसी खतरनाक जगहों पर प्रतिबंध लगाने अथवा सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की। अंत में श्रीमती स्मृति श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त किया।

# विधायक ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर देखी जमीनी हकीकत

### पीड़ित वर्ग को हर संभव सहयोग के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को दिए निर्देश



**तेंदूखेड़ा** पिछले सप्ताह तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में हुई मूसलाधार बारिश से बाढ़ का पानी घरों गांवों में घुसने से लोगों का नुकसान हुआ है।जिसे लेकर क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने विधानसभा सत्र से लौटने के तत्काल बाद ही प्रभावित गांव खुमेरखेड़ा नांदिया बिलहरा देवरी सहित विभिन्न ग्रामों का प्रशासनिक अधिकारियों के साथ दौरा किया। पीड़ित वर्ग से मिले और जमीनी हकीकत भी देखी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पीड़ित वर्ग को हरसंभव मदद की जाये। तथा उनके नुकसान का भी आंकलन करें इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की जायेगी और माननीय मुख्यमंत्री महोदय को भी वस्तुस्थिति से अवगत कराया जायेगा। गौरतलब रहे कि विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने सत्र के दौरान ही भोपाल से आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर बाढ़ में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने तथा उचित व्यवस्था के लिए निर्देशित किया था। विभिन्न ग्रामों में पहुंचे विधायक को स्थानीय पीड़ित वर्ग के लोगों को परेशानियों से अवगत कराया।

मंडी परिसर में पुराने भवन में उपपंजीयक कार्यालय लगाने अधिकारियों से की चर्चा हाल ही में तेंदूखेड़ा के तहसील कार्यालय भवन परिसर के दो कक्षों में चल रहे उपपंजीयक कार्यालय को कक्ष खाली करने के लिए तहसीलदार ने कक्षों की कमी और बीसी तथा रिकार्ड रुम बनाये जाने का हवाला देते हुए खाली करने के लिए नोटिस थमाया गया है। चूंकि किसानों के हितों से जुड़े इस विषय को क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने गंभीरता से लिया है और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से चर्चा करते हुए कृषि उपज मंडी परिसर में मंडी के पुराने कार्यालय परिसर में उपपंजीयक कार्यालय स्थानांतरित करने के लिए निर्देशित किया है। चूंकि यह विषय उपपंजीयक और उससे जुड़े लोगों ने विधायक के समक्ष रखा था।

# जीवन अनमोल है, सड़क दुर्घटना से किसी भी व्यक्ति की मृत्यु नहीं होनी चाहिए

### सफर के दौरान दो पहिया वाहन में हेलमेट और चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट जरूर लगाएं

### पूर्व न्यायाधीश श्री मनोहर सप्रे ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली

नरसिंहपुर।

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश एवं सुप्रीम कोर्ट सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष श्री अभय मनोहर सप्रे ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक में उन्होंने ब्लैक स्पॉट, गति सीमा, यातायात नियमों का पालन, जागरूकता अभियान, सड़क निर्माण कार्यों के दौरान डायवर्सन मार्ग के संकेत, जेब्रा क्रॉसिंग, ब्रेकर तथा डिवाइडर सहित सड़क जागरूकता अभियान आदि के संबंध में चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संदीप भूरिया, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी, अन्य अधिकारी- कर्मचारी और पुलिस विभाग का अमला मौजूद थे।

पूर्व न्यायाधीश श्री मनोहर सप्रे ने कहा कि जिले में सड़क सुरक्षा और ट्रेफिक सुधार के क्षेत्र में भरपूर प्रयास हो। दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट और चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित किया जाए। जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा यातायात प्रबंधन को और बेहतर बनाने का प्रयास किया जाए। उन्होंने पुलिस प्रशासन और संबंधित विभाग को आपसी समन्वय के साथ सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने शराब पीकर वाहन चलाने वालों एवं नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सभी शासकीय कर्मचारी चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट और दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। पूर्व न्यायाधीश जिले में पिछले 5 साल में हुई सड़क दुर्घटनाओं, ब्लैक स्पॉट चिन्हांकन एवं उनमें सुधार कार्यों, चालानी कार्रवाई, जनजागरूकता अभियानों और अन्य नवाचारों की समीक्षा की। उन्होंने सड़कों के गड्डों को भरने व सड़कों के किनारे सांकेतिक बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने राहवीर योजना एवं हिट एंड रन मोटरयान दुर्घटना, पीड़ति प्रतिकार योजना 2022 के तहत सड़क दुर्घटना से पीड़ति व्यक्ति की मदद करने वाले व्यक्ति को पुरस्कृत करने को कहा। बैठक में सड़क दुर्घटना में दो पहिया वाहन, चार पहिया वाहन एवं अन्य वाहनों सड़क दुर्घटना में हुई मृत्यु के संबंध में समीक्षा की गई।

# अग्नि के साक्षी में सिर्फ एक जोड़ा नहीं जुड़ता, दो कुल, दो सभ्यताएं और दो संस्कृतियाँ जुड़ती हैं- सदानंदजी

गोटेगांव

विगत दिवस धार्मिक स्थल परमहंसी गंगा आश्रम स्थित अनन्तश्री विभूषित द्वारकाशारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्रीसदानंद सरस्वती जी महाराज के श्रीमुख से जहाँ विवाह है वहाँ तप है श्रीराम ने सिखाया जीवनधर्म 22वें दिन की कथा में महाराज श्री ने विवाह पश्चात अयोध्या लौटती राम बारात का प्रसंग सुनाते हुए कहा श्रीराम मिथिला से लौटे, लेकिन उनका मन अब भी निष्कलंक तपस्वी का था। विवाह उनके संयम की हार नहीं, धर्म का विस्तार था। शंकराचार्य ने आज के कथन में मुंडकोपनिषद की गहराई को श्रीरामचरित मानस से जोड़ते हुए कहा यह आत्मा वाणी, बुद्धि या शास्त्रों से नहीं, अनुभव से मिलती है श्रीराम वही आत्मा हैं, जो गृहस्थ बनकर भी त्यागी हैं, राजा बनकर भी सेवक हैं,और पति बनकर भी सीता की मर्यादा में बंधे हैं, न कि उनके अधिकार में।

### कथा का विलक्षण दृष्टिकोण

विवाह के अवसर को महाराजश्री ने समाज-संस्कार का प्रशिक्षण शिविर बताया, जहाँ अग्नि के साक्षी में सिर्फ एक जोड़ा नहीं जुड़ता, दो कुल, दो सभ्यताएं और दो संस्कृतियाँ जुड़ती हैं।उन्होंने कहा आज विवाह इवेंटबन गया है, संस्कार' नहीं रहा। राम का विवाह बताता है कि जीवन में संकल्प कैसे निभाया जाता है।

### महाराजश्री बोले: राम ने मिथिला लौटते ही संसार को अपनाया,

पर अपने भीतर की तपस्या नहीं छोड़ी। विवाह के बाद भी उनका हृदय आत्मदर्शन की ओर ही उन्मुख था।

*चारों भाइयों का विवाह सनातन संस्कृति की संस्था*

महाराजश्री ने चारों भाइयों के विवाह को भारतीय संस्कृति की सामूहिक पूजा कहा। जिस समाज में भाई मिलकर विवाह करते हैं, वह समाज विकास नहीं, संस्कार सिखाता है। और जहाँ पत्नी को लक्ष्मीस्वरूपा माना जाता है, वह समाज धन की नहीं, धर्म की साधना करता है। महाराजश्री ने आज के युवाओं से एक विशेष निवेदन किया: अगर राम विवाह के बाद भी ब्रह्मचारी भाव में रहे,

तो आज के युवक पति बनने के बाद भी संयमी क्यों नहीं बन सकते विवाह का मतलब पत्नी लाना नहीं, बल्कि धर्म लाना, मर्यादा लाना, उत्तरदायित्व उठाना है। पूरे कार्यक्रम में ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद और ब्रह्मचारी ब्रह्मविद्यानंद के संयोजन में सुव्यवस्थित रूप से कथा, दर्शन, आरती और प्रसाद वितरण सम्पन्न हुआ।

### मुंडकोपनिषद और रामायण एक साथ

मुंडकोपनिषद कहता है परांचखानि व्यतृणत स्वयम्भूः परमात्मा ने सभी इन्द्रियों को बाहर की ओर मोड़ दिया है इसलिए जो भीतर की ओर जाता है, वही आत्मा को पाता है।

# जिला स्तरीय पर्यटन क्विज में शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सर्रा की टीम बनी विजेता

गोटेगांव




अंतर्गत शिक्षा विभाग एवं जिला पर्यटन विभाग के द्वारा आयोजित जिला स्तरीय पर्यटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सर्रा स्कूल की टीम ने प्रतियोगिता के लिखित राउंड में जिले की 108 टीमों के बीच दूसरा स्थान प्राप्त किया।जिसके बाद कुल 6 टीमों ने मल्टीमीडिया क्विज राउंड के लिए क्वालीफाइ किया।

फिर हुए मल्टीमीडिया क्विज राउंड में सर्रा विद्यालय की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया।क्विज में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम विजेता एवं चौथा,पांचवां और छठवां स्थान प्राप्त करने वाली टीम उपविजेता रहीं। सर्रा विद्यालय की टीम से अनीषा सेन 12th, रोहित सिलावट 10th और नवधा सोनी द्वारा हिस्सा लिया गया। मार्गदर्शी शिक्षक हिमांशु दीक्षित एवं स्नेहा ठाकुर को अधिकारियों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।इस सफलता पर विद्यालय प्राचार्य श्री डी एल उइके जी के द्वारा टीम प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त की गई।साथ ही टीम को मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग के द्वारा 3 रात और 2 दिन का गिफ्ट वाउचर दिया गया।